IPL 7 : केकेआर के खिलाफ हैदराबाद के लिए कड़ी चुनौती

Saturday, 17 May 2014 12:31

हैदराबाद। किंग्स इलेवन पंजाब से मिली हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल में करो या मरो के मैच में कल कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

सनराइजर्स ने 10 मैचों में आठ अंक बनाये। उसे लगातार दो मैचों में मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब से पराजय झेलनी पड़ी और अब उसे सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये कल हर हालत में जीतना होगा।

सनराइजर्स ने पंजाब के सामने जीत के लिये 205 रन का विशाल लक्ष्य रखा था जिसे पंजाब के आक्रामक बल्लेबाजों ने हासिल कर लिया। इससे सनराइजर्स की गेंदबाजी को लेकर सवाल उठने लगे है जबकि उसके पास डेल स्टेन, डेरेन सैमी, भुवनेश्वर कुमार, इरफान पठान, ईशांत शर्मा, अमित मिश्रा और करण शर्मा जैसे गेंदबाज है।

सनराइजर्स के स्टार बल्लेबाजों आरोन फिंच , डेविड वार्नर, नमन ओझा ने हाल ही में अच्छा प्रदर्शन किया है और कप्तान शिखर धवन ने भी खोया फार्म हासिल कर लिया है।

{loadposition user13}

(भाषा)

1 / 1